# त्रिग्रही योग में होगा होलिका दहन
# 2.27 घंटे तक रहेगा शुभ मुहूर्त

जबलपुर यशभारत। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर 7 मार्च को होलिका दहन होगा। इस दिन ग्रहों और नक्षत्रों का विशेष विशेष योग जातकों के लिए शुभफलदायी होगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार प्रदोष काल में होलिका दहन के दौरान कई ग्रह अपने उच्च स्तर पर होंगे, जो कई राशियों के जातकों पर प्रभाव डालेंगे। होलिका दहन के अगले दिन आठ मार्च को होली खेली जाएगी।



### होलिका दहन सात को

विभिन्न राशियों पर पड़ेगा विशेष प्रभाव, स्वराशि में प्रवेश करेंगे कई ग्रह ज्योतिषाचार्यों के अनुसार कि पूर्णिमा तिथि 6 मार्च को दोपहर 3.44 बजे से शुरू होकर 7 मार्च को शाम 5.27 बजे तक रहेगी। इसके बाद प्रदोष तिथि लग जाएगी। उदया तिथि होने के कारण सात मार्च को होलिका दहन होगा। इस बार प्रदोष व्यापनी होलिका दहन होगा। कई सालों बाद भद्रा मुक्त होलिका दहन का योग भी बना है।

### राशियों पर प्रभाव

मेष राशि के जातकों के लिए होलिका दहन के बाद से अच्छे पलों की शुरुआत हो सकती है। बृहस्पति ग्रह मीन राशि में है, लेकिन साल मेष में गोचर करेगा। ऐसे में अभी से मेष राशि वालों के सुख और समृद्धि के द्वार खुलने की संभावना है। मिथुन राशि के जातकों के रुके हुए मांगलिक कार्य सम्पन्न होने और आर्थिक स्थिति मजबूत बनने के योग बन रहे हैं। सिंह राशि के जातकों पर देवगुरु बृहस्पति की विशेष कृपा रहेगी। धनु व मीन राशि के जातकों पर त्रिग्रही योग का विशेष प्रभाव पड़ेगा।

### शुभ मुहूर्त

- पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 1.49 बजे तक रहेगा, सिंह राशि का चंद्रमा गोचर करेगा।
- होलिका दहन शाम 6.24 बजे से 8.51 बजे तक।
- अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.58-12.45 बजे तक
- अमृत काल मुहूर्त दोपहर 12.21 से 1.50 बजे तक, रात्रि 10.42 से 11.57 बजे तक।

पंडितों के अनुसार होलिका दहन के दिन कुंभ राशि में सूर्य, बुध और शनि का त्रिग्रही योग बनेगा। मीन राशि में गुरु और शुक्र की युति से भी शुभ योग बन रहे हैं। शुक्र अपनी उच्च राशि में होने से मालव्य योग और गुरु अपनी स्वराशि में होने से हंस नामक राज योग बन रहे हैं। ग्रहों के इस परिवर्तन से मेष, मिथुन, सिंह, धनु और मीन राशि के जातकों को शुभफल और लाभ प्राप्त होंगे।

# अब कम आया बिजली बिल तो उपभोक्ता के साथ नपेंगे इंजीनियर




जबलपुर यशभारत। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के जबलपुर संभाग में मल्टीप्लाइंग फैक्टर में गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं। अभियंताओं की ओर से सही तरीके से गुणांक कर बिल नहीं निकाला गया। इस कारण कम्पनी को आर्थिक नुकसान हुआ।

### क्या होता है मल्टीप्लाइंग

25 किलोवॉट से अधिक भार स्वीकृत वाले उपभोक्ताओं के यहां मीटर के साथ करंट ट्रांसफार्मर ऑपरेटड मीटर लगाया जाता है। यह उपभोक्ता के मीटर में जाने वाली बिजली की खपत की जानकारी देता है। करंट ट्रांसफार्मर ऑपरेटड मीटर के जरिए खपत निकाली जाती है। जबलपुर संभाग के मुख्य अभियंता अरविंद चौबे के अनुसार मल्टीप्लाइंग फैक्टर को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिन अभियंताओं के क्षेत्र में गड़बड़ी मिलेगी उन्हें नोटिस थमाया जाएगा।

### कंपनी को लगी बड़ी चपत तब दिए गए जांच के आदेश

जबलपुर संभाग के चीफ इंजीनियर की ओर से सीटी ऑपरेटेड मीटरों की जांच कराई जा रही है। बिल निकालने वाले अभियंता को नोटिस दिया जाएगा। मल्टीप्लाइंग फैक्टर में गड़बड़ी का पता कम्पनी के अधिकारियों को तब चला, जब करंट ट्रांसफार्मर ऑपरेटड मीटर वाले उपभोक्ताओं के यहां बिजली बिल उनके स्वीकृत भार से कम आए। जानकारी के अनुसार शहर में पांच से सात हजार ऐसे कनेक्शन हैं, जहां सीटी (करंट ट्रांसफार्मर) ऑपरेटेड मीटर लगाए जाते हैं। यह मीटर उन उपभोक्ताओं के यहां लगाए जाते हैं, जहां 25 किलोवॉट से अधिक भार स्वीकृत होता है। यह मीटर बड़े संस्थानों, मॉल, शॉप और अन्य स्थानों पर हैं।

# कर्मचारियों के नियमितिकरण को लेकर सरकार गंभीर : उच्च शिक्षा मंत्री

### रादुविवि कर्मचारी संघ के शपथग्रहण समारोह



**जबलपुर यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का 56वां शपथ विधि समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. थे। श्री यादव ने शासन द्वारा कर्मचारियों के हितों में लिये गये पैससलों से अवगत कराया और विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों की सभी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा, कर्मचारियों के हितों में सरकार जो निर्णय लेती है, उसे विश्वविद्यालयों में भी लागू करना चाहिये। जिससे यहां के कर्मचारियों को भी लाभ मिले। कर्मचारियों के नियमिति करण पर उन्होंने कहा, हम इस दिशा में काम कर रहे हैं, वित्त विभाग से कुछ अनुमतियां बाकी है, उसे लिया जा रहा है। वहीं पेंशन सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण भी गंभीरता से किया जा रहा है। कोर्ट प्रकरणों के जल्द निराकरण पर भी उन्होंने जोर दिया, श्री यादव ने कहा सामान्य प्रकृति के प्रकरणों में बार बार कर्मचारी को कोर्ट न जाना पड़े, इस बात का ध्यान रखते हुये कमेटियां बनाई गई हैं। विश्वविद्यालय के पंडित कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, प्रभारी कुलपति डॉ. राकेश बाजपेयी, राकेश सिंह गुर्जर प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रेम पुरोहित और महासचिव संजय यादव ने बताया कि इस शपथ विधि समारोह में मध्य प्रदेश विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ के सभी पदाधिकारी और प्रदेश के सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों के कर्मचारी प्रतिनिधि भाग लेने जबलपुर आए थे।

### छात्रों ने सुनाई समस्याएं

रादुविवि कर्मचारियों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री से छात्रों के प्रतिनिधिमंडलों ने भी मुलाकात कर अलग अलग विषयों पर ज्ञापन एवं शिकायतें सौंपी और कार्यवाही की मांग की। लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन अंकुश चौधरी ने आरडीयू के परीक्षा विभाग में गड़बडी की शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष ऐजेंसी से जांच कराए जाने की मांग की। वहीं आरडीयू हॉस्टलर्स ने सोमदत्त यादव के नेतृत्व में पिछले दिनों विश्वविद्यालय कैंटीन में हुई बमबाजी की घटना को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की घेराबंदी की। वहीं मेंटेनेस कार्यो की जांच कराए जाने की मांग की।

# मेरे द्वार सबके लिये हमेशा खुले हैं: घनघोरिया

### सेवा संकल्प स्वास्थ्य शिविर का समापन



**जबलपुर यशभारत।** मेरे द्वार पूर्व विधानसभा एवं पूरे जिले की जनता के लिये हमेशा खुले हैं, जिसे जब कोई समस्या हो,मेरे घर पर दस्तक दे सकता है। यह बात पूर्व वैसबिनेट मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने पूर्व विधानसभा में मानव सेवा संकल्प स्वास्थ्य शिविर के समापन अवसर पर कहे। मानव सेवा संकल्प का आठवां शिविर शुक्रवार को धनी की कुटिया अधारताल में आयोजित किया गया। जहां करीब 2500 हितग्राहियों को लाभ मिला। शिविर में 1070 हितग्राहियों का चश्में एवं 134 हितग्राहियों का मोतियाबिंद के लिये पंजीयन कराया गया। शिविर में राजू तोमर, पीपी पटेल, प्रमोद पटेल, विशाल यादव, सोनू तिवारी, विकास विश्वकर्मा, पुष्कल शर्मा, राकेश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, लक्ष्मी शुक्ला, दीपक सेन, सुबोध पहारिया, दीपक सेन, संजू तिवारी, आकाश पाठक, आकाश तिवारी, सोनू लाल, कीर्ति सिंह, प्रिति सिंह आदि उपस्थित थे। गौरतलब है की 08 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में 20 हजार के करीब हितग्राहियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। 7926 हितग्राहियों ने चश्में के लिये पंजीयन एवं 881 हितग्राहियों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिये पंजीयन कराया गया।

# अंतरिम वरिष्ठता सूची में भारी अनियमितता का आरोप

**जबलपुर यशभारत।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि विगत लगभग पांच वर्षों से सहायक अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों की जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा हर वर्ष आधी-अधूरी अंतरिम सूची कर दी जाती है, लेकिन दावे आपत्तियां प्राप्त कर अंतिम वरिष्ठता सूची जारी नहीं की जाती है। इस वर्ष 01 अप्रैल 2022 की स्थिति तो प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनियमितताओं की सारी हदें पार करते हुए, वरिष्ठता सूची में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक योग्ता बी.एड / डी.एड के कालम के साथ-साथ अंतर्निकाय संविलियन, जिले में स्थानांतरित होने का दिनांक आदि के कालम गायब कर दिये गये है जो समझ के परे है, अंतरिम सूची में 30 जुलाई 1998 से नियुक्ति शिक्षा वर्तमान अध्यापक की वरिष्ठता सूची में 1996 से नाम जोड दिये गये. इस सूची के आधार पर वरिष्ठ कार्यालय स्तर से कैसे पदोन्नति अथवा क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी होंगे। यह सूची महज खाना पूर्ति है। संघ के योगेन्द्र दुबे, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, बृजेश मिश्रा, वीरेन्द्र चन्देल, एस. पी. वाथरे, चूरामन गुर्जर, वीरेन्द्र तिवारी, धनश्याम पटैल, रमेश उपाध्याय, प्रशांत श्रीवास्तव, शाहिल सिद्दीकी, गोविन्द विलथेर, रजनीश तिवारी, डी.डी.गुप्ता, विवेक तिवारी, राकेश राव, सत्येन्द्र ठाकुर आदि ने माननीय शिक्षा मंत्री म.प्र. शासन से ई-मेल भेजकर मांग की गई है कि सहायक अध्यापक संवर्ग के लोक सेवकों की पुरानी अंतरिम वरिष्ठता सूची निरस्त करते हुए संशोधित अंतरिम वरिष्ठता सूची जारी की जाए तथा इस अनियमितता के लिए दोषी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कि जाए।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

# सांसद कार्यालय का घेराव करने पहुंचे मोर्चा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प



**जबलपुर यशभारत।** मध्य भारत मोर्चा द्वारा सांसद कार्यालय का घेराव किया गया, मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने गंभरी आरोप लगाते हुए कहा कि शहर बेरोजगारी में आगे और औद्योगिकरण में पीछे है, 18 सालो में शहर को लेकर संसद में सांसद द्वारा कोई आवाज बुलंदी से नही उठाई गई और न ही शहर हित मे कोई ऐसी योजना आयी जो शहर के विकास में जनता के लिए उपयोगी हुई हो आज देश व प्रदेश में जबलपुर शहर पिछड़ता जा रहा है। जिसका कारण सिर्फ और सिर्फ सांसद का है, 18 सालों से लगातार सांसद रहे राकेश सिंह को नहीं मालूम कि उनका विषय क्या है जब भी जबलपुर के विकास या किसी मुद्दे पर इनसे बात करो तो उनका यही कहना होता हैं कि यह मेरा विषय ही नही है। अरे भाई जबलपुर रेलवे स्टेशन के विकास में जो 300 करोड़ लगाने वाले है वह जबलपुर के विकास में ईमानदारी से लगाओ न शहर में विकास किया नही रेल्वे स्टेशन का विकास करवा कर अपना नाम रोशन करना चाह रहे है। वही उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि शहर में आज पड़े लिखे युवा पलायन करने मजबूर है क्योंकि उनकी योग्यता के आधार पर जॉब नही है, सांसद द्वारा कोई भी इंवेस्टर मीट नही कराई गई ताकि शहर के युवाओं को रोजगार मिल सके। ये सभी आरोप मध्य भारत मोर्चा ने सांसद पर लगाये है। घेराव के दौरान मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, आशीष मिश्रा, बल्लू पटेल, राहुल तिवारी, चिंटू राजपूत, आशु साहू, शिवम अहिरवार, चिंकी कोरी, अब्दुल कय्यूम, फैज़ल, प्रिंस चौरसिया, अक्कू ,विवेक, हर्ष , राज, सहिल,विजेंद्र ,आदि सैकड़ो सदस्य उपस्तिथ रहे।

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
मामजेसिक लिनिमेंट
Mamgesic Liniment
PAIN KILL OIL
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना
रोस्टेड पी नट
नमकीन
चिक्की
ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मोबा. 7987145201, 9993418910

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर
07614038666, 7049079825
9300920067

# परीक्षा विभाग की अनियमित्ता को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री से शिकायत



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन ने उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपकर रादुविवि में परीक्षा विभाग में हो रहे फर्जीवाड़े की जांच कराने की मांग की। इस दौरान अंकुश चौधरी, आकाश तिवारी, मोहित पियासी, शुभांशु सिंह, राहुल अगरिया, शुभम प्रजापति, हर्ष प्रताप सिंह, रोहित गुप्ता, सौरभ सोनकर, शुभम पांडे, आनंद सिंह उपस्थित रहे। शिकायत में कहा गया परीक्षा विभाग में कार्यरत कुछ कर्मचारी 10 साल से अधिक समय से परीक्षा विभाग में जमें हैं, जो फर्जीवाड़ा कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

निःशुल्क - निःशुल्क - निःशुल्क - परामर्श
॥जय भद्रकाली॥
भद्रकाली ज्योतिष मन्नत धाम पुरवा
YouTube सर्च - मेरे गुरुदेव,भविष्यफल वास्तु, एस्ट्रो विशेषज्ञ
9300347944, 6262590643
कौन सा वास्तु दोष आपकी परेशानी की वजह है

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

सांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं सांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

### शोध प्रस्तुतिकरण, पशु चिकित्सा महाविद्यालय में दो दिवसीय सम्मेलन

# कुक्कुट रोग एवं प्रबंधन में नई तकनीकों पर हुआ मंथन



**जबलपुर यशभारत।** पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के कुक्कुट विभाग और विश्व पशुचिकित्सा कुक्कुट संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी में शुक्रवार को कुक्कुट रोग एवं प्रबंधन में नई प्रगति विषय पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। सम्मेलन के सोविनियर पुस्तिका तथा लीड पेपर पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर विशेषज्ञों ने कहा कि इस तरह के सेमिनार से विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा कर नई तकनीक से युवा शोधकर्ताओं को अवगत कराते हैं। सेमिनार का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. ओपी चौधरी, चौधरी चरणसिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान के संचालक डॉ. एएस यादव व वेटरनरी विवि के कुलपति डॉ. एसपी तिवारी ने शुभारम्भ किया। कुलपति डॉ. तिवारी ने कहा कि बैकयार्ड पोल्ट्री को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ताकि, जीवन यापन के लिए सुरक्षा तथा स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा सके। मुख्य अतिथि डॉ. चौधरी ने कहा कि सस्टेनेबल पोल्ट्री समय की मांग है। इंडियन बॉयलर ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. आरके जायसवाल ने कहा कि समय के साथ परिवर्तन लाना आज की जरूरत है। वेटरनरी पोल्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र वर्मा ने कहा कि पोल्ट्री क्षेत्र में लगातार विस्तार हो रहा है।

#### किया सम्मान

सम्मेलन में कुक्कुट क्षेत्र व पोल्ट्री क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता तिवारी एवं आभार डॉ. गिरीराज गोलय ने किया।

#### ये रहे शामिल

इस दौरान कुलसचिव डॉ. एसके जोशी, आयोजन सचिव डॉ. आरके शर्मा, डॉ. एसएस तोमर, डॉ. जीपी लखानी, आदित्य मिश्रा, डॉ. जी. दास, शोभा जावरे, डॉ. सोना दुबे शामिल हुईं।



# मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ उतरे तहसीलदार

**स्थाई पद को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**जबलपुर यशभारत। कार्यवाहक की जगह स्थाई पद पर पदोन्नति की मांग को लेकर जिले के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने शुक्रवार को शासन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया।** मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे विकास यात्रा के बाद तीन दिनों के सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की पदोन्नति लम्बे समय से रुकी है। पदोन्नति और स्थानांतरण में भी गड़बड़ी की जा रही है। स्थानांतरित जिले में आवश्यकता अनुसार उन्हें कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर का चार्ज दिया जाए। तहसीलदार और उप तहसीलदारों ने कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन को बताया कि तहसीलदार पद का स्थानांतरण अन्य जिलों में तहसीलदार के रूप में किए जाने के बाद वे नए जिले में तहसीलदार के रूप में कार्यरत रहेंगे अथवा कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर के रूप में, यह भी स्पष्ट नहीं है। इस अवसर पर प्रमोद चतुर्वेदी, रूपेश्वरी कुंजाम, रश्मि चतुर्वेदी, विंकी सिंहमारे, प्रशांत अग्रवाल मौजूद थे।

## चिकित्सक अत्याधुनिक इलाज पद्धतियों पर करेंगे मंथन

**जबलपुर, यशभारत।** एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन इंडिया जबलपुर चैप्टर की वार्षिक कांफ्रेंस एपीआई मेडिसन अपडेट 2023 का आयोजन 26 फरवरी को होगा कॉन्फ्रेंस में महानगरों से चिकित्सक अत्याधुनिक इलाज की पद्धतियों पर मंथन करेंगे उक्त जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रेजिडेंट डॉ आशीष डेंगरा एवं सेक्रेटरी डॉक्टर अंकित अग्रवाल ने साझा की चिकित्सकों ने बताया कि आयोजन के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉक्टर संजय मिश्रा और पद्मश्री डॉ एमसी डावर होंगे कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर युगल के मिश्रा डॉक्टर पीयूष ओझा डॉ अनिरुद्ध व्यास समेत चिकित्सा क्षेत्र के ख्याति प्राप्त चिकित्सक शामिल हुए इस मौके पर डॉ अनुपम श्रीवास्तव डॉक्टर एमएस जोहरी भी मौजूद रहे।

## जीआरपी लाइन में सीपीआर शिविर का आयोजन



**जबलपुर यश भारत।** जीआरपी पुलिस लाइन जबलपुर मैं सीपीआर के संबंध में शिविर का आयोजन, आज दोपहर सीपीआर अर्थात किसी भी व्यक्ति की उस परिस्थिति में जान बचाने की प्रक्रिया को कार्डियो पलमोनरी रिस्यूसिटेशन सिस्टम के माध्यम से जान बचाई जा सकती है यह समस्या आर्ट अटैक के समय ,करंट लगने के समय पानी में डूबने के बाद और भी कई कारणों से उत्पन्न होती है, तो प्राथमिक रूप से प्राथमिक उपचार बतौर यह कार्रवाई की जाती है, ट्रेन में यात्रा करते समय किसी भी यात्री को यह समस्या उत्पन्न हो सकती है,इसी समस्या के निदान के लिए आज शिविर आयोजित किया गया यह जानकारी शिविर में गैलेक्सी अस्पताल जबलपुर के डाक्टर अरुण शुक्ला एवं उनकी टीम के द्वारा कार्यवाही कैसे करना है, प्रैक्टिकल करके भी बताया गया। जीआरपी थाना जबलपुर पुलिस लाइन के करीब 70 कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम उप पुलिस अधीक्षक आरके गौतम के द्वारा पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर विनायक वर्मा (भापुसे) के दिशा निर्देश पर आयोजित किया गया । जीआरपी थाना प्रभारी जबलपुर श्री कश्यप भी उपस्थित रहे।

## अंतरमंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह



**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ द्वारा रेलवे स्टेडियम में अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। भोपाल मंडल एवं रेल सुरक्षा बल के मध्य खेले गए इस मैच में भोपाल मंडल ने 37 रनों से जीत हासिल की। रेल सुरक्षा बल ने टॉस जीतकर भोपाल मंडल को पहले बल्लेबाजी करने का अवसर प्रदान किया। भोपाल मंडल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 189 रन बनाए। जिसमें सोहेल मसूद ने 81 एवं सलमान बेग ने 36 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी रेल सुरक्षा बल 20 ओवरों में मात्र 152 रन ही बना सकी जिसमें योगेश पटेल ने 42, रहमान ने 35 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेली। भोपाल मंडल के सनी भटनागर ने 4 विकेट हासिल किए। सोहेल मसूद को मैन ऑफ द मैच एवं श्री जे पी यादव को बेस्ट फील्डर घोषित किया गया।

#### यह राय उपस्थित

*इस अवसर पर शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबंधक, डीसी अहिरवार, अध्यक्ष, डब्ल्यूसीआरएसए, राजेश पाठक, पीसीसीएम, डॉ राकेश कुमार गुप्ता, पीसीईई, विवेक शील डीआरएम जबलपुर, डॉ आशुतोष गर्ग महासचिव डब्ल्यूसीआरएसए, महेश्वर सिंह सीएससी, मुकुल कुमार शर्मा डिप्टी सीएमएम, राहुल जयपुरियार सचिव महाप्रबंधक, अनुराग पांडे डीजीएम, विशेष रूप से उपस्थित थे।*

## कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकता : डीआरएम

### रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के 171 मुद्दों में से 35 का बैठक में ही निराकरण



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल के कर्मचारियों की समस्याओ पर मंडल रेल प्रशासन एवं वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के साथ हुई स्थाई वार्ता तंत्र (पी.एन.एम.) में कर्मचारी हित के अनेक निर्णय लिए गए ।मंडल सभागार में आयोजित उक्त पी.एन.एम. बैठक में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकता है, मंडल के रेल कर्मचारियों ने अपनी मेहनत से कई उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने यूनियन को सतत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया व सभी कर्मचारियों से अपनी बेहतर सेवा देने का आव्हान किया। विवेक शील ने मंडल में कर्मचारियों के हितो में किये जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए कर्मचारी यूनियन के 171 मुद्दों में से 35 का बैठक में ही निराकरण किया जिसमे रेलवे कार्यालयो में गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था करने के लिए वाटर कूलर, महिला कर्मचारी के लिए अलग से शौचालय बनाने हेतु, रेलवे कालोनी में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने सुरक्षा बल द्वारा गस्त कराई जाने की मंजूरी प्रमुख रही। इस अवसर पर रेल प्रशासन के मंडल रेल प्रबंधक सर्व विवेक शील एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, मंडल के शाखा अधिकारी सर्व सुबोध विश्वकर्मा, विश्व रंजन, डॉ मधुर वर्मा, मनीष पटेल, संजय मनोरिया, डॉ. मंजुनाथ एम.एस., डॉ. बी.सी.एस.रॉय, संजय कुमार, सी.एल.बैरवा, अरविन्द पांडे, पंकज सिन्हा, सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के मंडल अध्यक्ष बी.एन.शुक्ला एवं मंडल सचिव रोमेश मिश्रा, जरनैल सिंह, इन्द्रजीत जायसवाल, दशरथ भट्ट, आरती यादव, आर. के. श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त कर्मचारियो के पदोन्नति, एम.ए.सी.पी., ओवर टाइम, तथा नाइट ड्यूटी, राष्ट्रीय अवकाष भत्ते का भुगतान रेल आवास, वरीयता एवं रेल पथ की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों की विभिन्न समस्यों को प्रस्तुत किया। दो दिवसीय इस बैठक में अधिकारियो द्वारा कर्मचारियों की समस्याओ पर गंभीरता से विस्तृत चर्चा करके अनेक निर्णय लिए।

## अवैध रेल ई-टिकट बनाने वाले दलालों पर आरपीएफ ने की कार्रवाई

**जबलपुर यशभारत।** रेल सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत रूप से रेल टिकट बनाने वालों के विरुद्ध ऑपरेशन उपलब्धक्षअभियान के तहत कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आईटी सेल जबलपुर के निर्देशन पर पोस्ट जबलपुर एवं सागर में आरपीएफ द्वारा कार्यवाही करते हुए 303 रेल ई-टिकट की कीमत रूपये 2,84,164/-जब्त किया गया। जबलपुर पोस्ट पर प्रभारी अपराध खुफिया शाखा जबलपुर के निर्देशन में अपराध खुफिया शाखा जबलपुर की टीम के सहायक उपनिरीक्षक मोहनलाल द्विवेदी, प्रधान आरक्षक सोवरन सिंह, आरक्षक राघवेन्द्र पाठक एवं जबलपुर पोस्ट से आरक्षक सुमित यादव की संयुक्त टीम द्वारा आईटी सेल जबलपुर से एएसआई दीपेश मिश्रा के द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रबल डाटा से रेलवे की ई टिकिटों का अवैध करोबार करने वालों की निगरानी के दौरान जैन साइबर मिलोनीगंज



**2 लाख 84 हजार कीमत की रेलवे ई-टिकटों को किया जब्त**

जबलपुर बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने ऑनलाइन की दुकान से पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर ई टिकटों का वाणिज्यिक कारोबार की सूचना पर कार्यवाही करने पहुंचे। जहां पर दुकान मालिक के कंप्यूटर सिस्टम को चेक किया गया। दुकान संचालक यतेंद्र जैन, निवासी उत्तर मिलोनीगंज बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने मोबाइल नंबर भी बताया जिसके दुकान में रखे लैपटॉप कंप्यूटर को चेक करने पर उसमें 21 पर्सनल आईडी पाई गई। जिसमें से 15 सक्रिय आईडी से कुल 258 टिकट की कीमत रूपये 153981/-तथा 06 पर्सनल आईडी में टिकटों का डाटा नही पाया गया तथा 06 पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग करना पाया गया तथा सीएससी की एजेंट आईडी एवं टिकट टू ट्रिप की एजेंट आईडी पाई गई, जिसने प्रति टिकट 40 से 50 रुपए प्रति व्यक्ति टिकट मूल्य से अधिक कीमत लेकर टिकिटो को बेचता था। साथ ही एक पुराना एचपी लैपटॉप को जप्ती पत्र के तहत जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु रेल सुरक्षा बल जबलपुर को सुपुर्द किया गया। जहां बयान दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध रेल अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपी को रेलवे न्यायालय के अंतर्गत मामले की जॉच जारी है इसी तरह से सागर पोस्ट पर आईटी सेल जबलपुर से प्राप्त आईडी के जॉच कार्यवाही के क्रम में निरीक्षक अनिल कुमार झा, उपनिरीक्षक दीपचंद सिंह, सहायक उपनिरीक्षक श्याम सुंदर सिह एवं आरक्षक सूर्य प्रकाश रेल सुरक्षा बल सागर के साथ संगम होटल मार्केट सिविल लाईन सागर में ड्रीम पैलेस दुकान पर पहुंचकर व्यक्ति द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल क्षत्री, निवासी इंदिरा नगर, सिविल लाईन सागर थाना सिविल लाईन जिला सागर बताया। उक्त व्यक्ति को आईटी सेल से प्राप्त आईडी दिखाई गई, जिसमें दर्शित 04 पर्सनल यूजर आईडी स्वयं की तथा स्वयं के लैपटॉप से निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त शुल्क लेकर पर्सनल यूजर आईडी से ई-टिकट बनाकर ग्राहकों को विक्रय किया गया। इसके अतिरिक्त एजेन्ट आईडी भी होना बताया। बाद उक्त व्यक्ति एवं लेपटॉप को लेकर रेल सुरक्षा बल पोस्ट सागर आये और लैपटॉप को चैक करने पर पर्सनल आईडी से कुल *45 नग ई-टिकट कीमत 1,30,183/-रूपये का अवैध रूप से आरक्षण करना पाया। गवाहों के समक्ष प्रिंट की गई रेल ई-टिकट एवं पर्सनल आईडी के लिए उपयोग मे लाया गया 01 नग लैपटॉप एचपी कम्पनी का जप्त किया गया। जिसमें आरोपी व्यक्ति ने अपने पर्सनल यूजर आईडी से ई-टिकट बनाकर अतिरिक्त शुल्क 50-100 लेकर ई-रेल टिकटों का अवैध रूप से विक्रय करने का अपराध स्वीकार किया। आरपीएफ पोस्ट सागर में उक्त आरोपी के विरूद्व रेल अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्व किया गया तथा रेलवे न्यायालय के अंतर्गत मामले की जॉच जारी है रेल सुरक्षा बल द्वारा आरोपित व्यक्तियों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्यवाही की गई। पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने रेल सुरक्षा बल की सराहना की।

## पदभार ग्रहण करने के बाद वेणुगोपाल ने महाप्रबंधक व विभाग प्रमुखों से की भेंट



जबलपुर यशभारत। दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के पद से स्थानांतरित होकर जबलपुर आये सी.वेणुगोपाल ने पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है नव नियुक्त पी.सी.ओ.एम. वेणु गोपाल 1990 बैच के अखिल भारतीय ट्राफिक सेवा के अधिकारी है इन्होने कोकिनाडा से सिविल इंजीनियरिग में स्नातक के बाद एम.बी.ए. की उपाधि देश की ख्यातीलब्ध जेवियर इंस्टिट्यूट से हासिल की है. रेल सेवा में आने के बाद इन्होने देश के विभिन्न मंडलों एवं रेल जोनों में वाणिज्य एवं परिचालन विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर सफलता पूर्वक कार्य किया है. पश्चिम मध्य रेल में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने महाप्रबंधक पमरे सुधीर कुमार गुप्ता सहित अन्य विभाग प्रमुखों से भेंट करके परिचय दिया. इस दौरान मंडल के अधिकारियों ने वेणु गोपाल से शिष्टाचार भेंट करके उनका स्वागत किया एवं बधाई दी।

**मकान किराए से देना है**

3BHK फ्लैट
शिवहरि अपार्टमेंट
4th फ्लोर D-6
रेंट 20000/- प्रति माह
AC available in all
3 badroom
Contact : 6263185583
8817516005

**शिवाय इण्डस्ट्रीज रिछाई**

प्रोफाइल शीट और टेंट की सामग्री हेतु मार्केटिंग के लिए अनुभवी और योग्य सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
योग्यता- ग्रेजुऐशन
संपर्क करें- 9340164699
अनुभव- 1 वर्ष
ऑफिस का पता- बीजेपी कार्यालय के सामने श्री कृष्णा स्टील के बाजू में रानीताल जबलपुर (मप्र)

## कंचनपुर में तलवार चली, महिला व युवक घायल

**जबलपुर ।** अधारताल थाना अंतर्गत पुराना कंचनपुर में पुरानी रंजिश पर दो पक्षों ने एक दूसरे पर तलवार से हमला कर दिया। मारपीट की इस वारदात में एक युवक व एक महिला घायल हो गई। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना कंचनपुर निवासी 25 वर्षीय अनिल चौधरी गत रात लगभग 10-15 बजे लेवरों के साथ काम करके पैदल अपने घर जा रहा था, तभी सोनू चौधरी ने अपने घर के सामने उसके साथ पुरानी रंजिश पर गाली गलौज की, मना करने पर मारपीट कर तलवार से उस पर हमला कर दिया। इसी प्रकार पुराना मोहल्ला कंचनपुर निवासी 28 वर्षीय श्रीमति निकिता अहिरवार गत रात लगभग 10.15 बजे किचिन में खाना बना रही थी और उसका दो माह का बच्चा पलंग पर लेटा था, तभी मोहल्लें का अनिल चौधरी घर में घुस आया और पुरानी रंजिश पर पति का समझा देना कहते हुए बच्चे को जान से मारने की धमकी दी और किचिन का सामान बिखराते हुए उसे लात मारकर चोटें पहुंचा दी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर, लोककर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No/PWD/e-tendering/PRO/738 — दिनांक : 24.02.2023

कायाकल्प अभियान अंतर्गत पंजीकृत टेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित सड़कों के कार्य के लिये ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | पैकेज /कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनु. लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ए | संभाग क्रमांक 01, 02, 13 अंतर्गत 03 सड़कों का डामरीकरण से पृथक-पृथक नवीनीकरण एवं सं.क्र.-01 अंतर्गत 01 सड़क का डामलीकरण से मजबूतीकरण कार्य। | जबलपुर | रु. 253.92 | 02 माह |
| 2 | बी | संभाग क्रमांक 01 अंतर्गत 02 पृथक-पृथक सड़कों का एम-30 सीमेंट कांक्रीट से निर्माण कार्य। | जबलपुर | रु. 231.39 | 04 माह |
| 3 | सी | संभाग क्रमांक 10, 12 अंतर्गत 02 सड़कों का डामलीकरण से पृथक-पृथक नवीनीकरण एवं सं.क्र.-05, 10, 11 अंतर्गत 03 सड़कों का डामलीकरण से पृथक-पृथक मजबूतीकरण कार्य। | जबलपुर | रु. 318.55 | 02 माह |
| 4 | डी | संभाग क्रमांक 11 अंतर्गत 07 सड़कों का डामलीकरण से पृथक-पृथक नवीनीकरण कार्य। | जबलपुर | रु. 380.87 | 02 माह |
| 5 | ई | संभाग क्रमांक 03, 07,"08 अंतर्गत 06 सड़कों का डामलीकरण से पृथक-पृथक नवीनीकरण एवं सं.क्र.-07, 16 अंतर्गत 04 सड़कों का डामलीकरण से पृथक-पृथक मजबूतीकरण कार्य। | जबलपुर | रु. 344.64 | 02 माह |
| 6 | एफ | संभाग क्रमांक 03, 08, 16 अंतर्गत 05 पृथक-पृथक सड़कों का एम-30 सीमेंट कांक्रीट से निर्माण कार्य। | जबलपुर | रु. 265.74 | 04 माह |
| 7 | जी | संभाग क्रमांक 07, 14, 15 अंतर्गत 02 पृथक-पृथक सड़कों का डामलीकरण से नवीनीकरण एवं सं.क्र.- 14 मे 01 सड़क का डामलीकरण से मजबूतीकरण कार्य। | जबलपुर | रु. 93.15 | 02 माह |
| 8 | एच | संभाग क्रमांक 14, 15 अंतर्गत 04 पृथक-पृथक सड़कों का एम-30 सीमेंट कांक्रीट से निर्माण कार्य। | जबलपुर | रु. 230.33 | 04 माह |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in मे देख सकते है। (2) निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2023 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 13.03.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है। (3) एक से अधिक पैकेज की निविदा जमा करने की स्थिति में कुल योग्यता की गणना की जावेगी, किसी भी कमी की दशा मे बढ़ते क्रम की अगली निविदा विचार नहीं की जावेगी।

अपर आयुक्त, नगर निगम, जबलपुर

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056**
**Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com**
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल wwwmptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 193/तक. 2022-23 दिनांक 07.02.2023 | 2023-NVDA-250670-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. बांयी तट नहर की बेलखेडी शाखा नहर की कुंवरपुर माइनर की आर.डी. 10.20 किमी. पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 32,340.00 (रूपये बत्तीस हजार तीन सौ चालीस) मात्र | 647.00 (रू. छः सौ सैतालीस) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 194/तक. 2022-23 दिनांक 07.02.2023 | 2023-NVDA-250662-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. पाटन शाखा नहर की बेलखेडी शाखा नहर की आर.डी. 6.50 किमी. पर लगे क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य। | 87,040.00 (रूपये सतासी हजार चालीस) मात्र | 1741.00 (रू. एक हजार सात सौ इकतालीस) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 195/तक. 2022-23 दिनांक 07.02.2023 | 2023-NVDA-250650-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 63.42 किमी. से आर.डी. 79.870 किमी. पर लगे हेड, क्रास रेगुलेटर एवं एस्केप गेटों का सुधार कार्य। | 1,32,157.00 (रूपये एक लाख बत्तीस हजार एक सौ संतावन) मात्र | 2642.00 (रू. दो हजार छः सौ बयालीस) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 196/तक. 2022-23 दिनांक 07.02.2023 | 2023-NVDA-250627-1 | बरगी व्यपवर्तन परियोजना दांयी तट नहर की मदना वितरण नहर की एम-2 आर.डी. 6.95 किमी. पर लगे हेड एवं क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य एवं रेल्वे क्रासिंग की आर.डी. 5.20 किमी. पर सुरक्षा हेतु जाली लगाने का कार्य। | 79,740.00 (रूपये उनयासी हजार सात सौ चालीस) मात्र | 1595.00 (रू. एक हजार पांच सौ पंचानन्बे) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 197/तक. 2022-23 दिनांक 07.02.2023 | 2023-NVDA-250613-1 | वर्कशॉप बरगीनगर में स्थित 16 टन कोल्स क्रेन की सफाई एवं स्प्रे पेटिंग का कार्य। | 54,240.00 (रूपये चौवन हजार दो सौ चालीस) मात्र | 1085.00 (रू. एक हजार पचासी) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 15 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 198/तक. 2022-23 दिनांक 07.02.2023 | 2023-NVDA-250609-1 | मुख्य अभियंता, रा.अ.बा.लो.सा.परि. बरगी हिल्स के आवासीय भवन में आंतरिक विद्युत व्यवस्था का सुधार कार्य। | 4,20,842.00 (रूपये चार लाख बीस हजार आठ सौ बयालीस) मात्र | 8417.00 (रू. आठ हजार चार सौ सत्रह) मात्र | 2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | 1. प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का लाइसेंस। | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 8,06,359.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 01/03/2023, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 01/03/2023, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 03/03/2023, 10:30 से 03/03/2023, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलनें की तिथि : 03/03/2023, 10:31 से 03/03/2023, 17:30 तक (केवल आनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं।
निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट wwwmptenders.gov.in का अवलोकन करें।

G-23421/22

(पी.के. जवार)
कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉं.) संभाग क्रमांक-2
बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)

# गाडरवारा को जिला बनाने नागरिक उपभोक्ता मंच हुआ लामबंद

### 1 मार्च को विशाल धरने के साथ मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन




**गाडरवारा , यशभारत।** गाडरवारा क्षेत्र और गाडरवारा तहसील लगभग वे सारी अर्हताऐं पूरी करता है जो एक जिला बनाने के लिए आवश्यक है। प्रदेश की कई ऐसी तहसीलों को जिले का दर्जा प्राप्त हो चुका है जो गाडरवारा तहसील से कम विकसित और कम आबादी वाली हैं, फिर गाडरवारा को जिला बनाने की मांग को अनसुना क्यों किया जा रहा है । गाडरवारा के समीप एनटीपीसी के बने बहुत बड़े प्लांट के बाद तो यह क्षेत्र वैसे भी राष्ट्रीय स्तर की सूची में शामिल हो ही गया है । इसके अतिरिक्त दाल उत्पादन के लिए प्रसिद्ध भी रहा है साथ ही गन्ना के उत्पादन ने भी इसे सुर्खियों में लाया है । लेकिन राजनीतिक उदासीनता का घोतक बना गाडरवारा आज पिछड़ता जा रहा है। समाजसेवा में अग्रहनी रहने वाले व एनजीटी उच्च व उच्चतम न्यायालय के जरिये समस्याओं को उठाने वाले नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच गाडरवारा को जिला बनाने का बीड़ा उठा लिया है जिसको लेकर आगामी 1 मार्च को नई गल्ला मंडी में मंच के लोगों के द्वारा मंच के बैनर तले एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसको अब लोगों का पुरजोर समर्थन भी प्राप्त हो रहा है।

### वर्षों से उठ रही मांग :-

गाडरवारा को जिला बनाने की मांग संभवतः 1889-90 से की जाती रही है । संभवतः सन् 1992 में तहसील कार्यालय में गाडरवारा को जिला बनाये जाने हेतु तहसील के सभी नागरिकों से तर्कपूर्ण सुझाव भी आमंत्रित किए जाने की जानकारी है पर इसके बाद यह बात आगे नहीं बढ़ी । लगातार समाचार पत्रों के माध्यम से भी इस मांग को उठाया जाता रहा है । पूर्व विधायक साधना स्थापक ने विधानसभा सचिवालय में प्रस्ताव भी रखा था । पर यह प्रस्ताव भी केवल कागजी कार्यवाही ही साबित हुई । इसके साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर आमजनों के हस्ताक्षर से युक्त मांगपत्र भी प्रस्तुत किया गया था ।

### ऐसा होगा जिले का प्रारूप

गाडरवारा के जिला बनाने के प्रारूप में होशंगाबाद की तहसील बनखेड़ी और रायसेन की तहसील उदयपुरा को शामिल किया गया है । वर्तमान में बनखेड़ी होशंगाबाद जिले के अंतर्गत आती है । बनखेड़ी और जिला मुख्यालय होशंगाबाद की दूरी लगभग 70-80 किलोमीटर है जबकि गाडरवारा की दूरी करीब 35 किलोमीटर ही है । इसी तरह उदयपुरा की दूरी अपने वर्तमान जिला मुख्यालय रायसेन से करीब 100 किलोमीटर है जबकि गाडरवारा की दूरी केवल 50 किलोमीटर ही है । ऐसे में इन दोनों तहसीलों के लिए गाडरवारा जिला पास भी रहेगा ।

### आम नागरिक बना पाएंगे जिला

गाडरवारा को जिला बनाने की मांग का समर्थन करने हेतु आमजन को भी आगे आना पड़ेगा । न केवल गाडरवारा बल्कि साईखेड़ा, चीचली, सालीचौका के साथ ही साथ बनखेड़ी और उदयपुरा के लोगों को भी अब इस मांग के समर्थन में आगे होना होगा । वे स्थानीय स्तर पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इस मांग को कर सकते हैं अथवा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से भी मांग को आगे बढ़ाया जा सकता है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के बाद भी यदि आम नागरिक गाडरवारा को जिला बनाने की मांग को जोर-शोर से उठाता है तो इस मुंहिम को सफलता मिल सकती है ।

# विकास यात्रा का किया स्वागत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई



**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के एकमात्र शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रानी दुर्गावती विश्विद्यालय के माध्यम से संचालित है। भारत सरकार और राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रासार-प्रचार को लेकर विकास यात्रा शहर के पुरान बस स्टैंड से परम्भ होकर शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव के परिसर पहुँची । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो बीडी कोष्ठी,डॉ राजेंद्र सिंह राजपूत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो सकरलाल बट्टी व माहावि के समस्त स्टॉफ ने विकास यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के द्वारा महाविद्यालय में विराजमान माँ सरस्वती जी का पूजन किया, उसके बाद स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर निरंजन सिंह एवं राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।एमएसएस की स्वयं सेवक रूपेश नामदेव ने सरस्वती वंदना व कु खुशबू खान ने स्वगत गीत प्रस्तुत किया। कार्यकम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक माननीय हाकम सिंह चड़ार ,पूर्व जिला पंचायत महेंद्र नागेश, सांसद प्रतिनिधि माननीय पंकज चौकसे जी,नगरपालिका अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, पार्षद श्रीमती अंजली सोनी, रोहित ,जितेंद्र उपस्थित रहे।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में एन एसएस के स्वयं सेवकों ने नशा मुक्ति की थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसमें के मुख्य पात्र कु साक्षी रजक, खुशबू, रागनी, अश्विनी, सोनिया रुपाली, राजेश, ऋषि, आशीष, आकाश, ओमप्रकाश, निखिल थे।कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जी आर सी में अग्निवीरों का 2रा बैच प्रशिक्षण के लिए तैयार



### एम बी एरिया के जीओसी ले.जनरल एम के दास कीअग्निवीरों से चर्चा

**जबलपुर यशभारत।**रक्षा सेवाओं में अग्निवीरों का शामिल करना भारत के रक्षा बलों के इतिहास में एक उपलब्धि है। नए साल में अग्निवीरों के पहले बैच के प्रशिक्षण के साथ कई सकारात्मक तथ्य देखे गए । अग्निवीरों के प्रथम बैच का प्रदर्शन सरकार की अग्निपथ योजना अपेक्षाओं को पूरा करते दिख रही है। जिसका उद्देश्य देश के रक्षा बलों की समग्र क्षमता को बढ़ाना है। अग्निपथ योजना के तहत प्रारम्भिक समस्याओं की पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए अपनाए गए तरीकों से सक्रिय अग्निवीरों के प्रशिक्षण के सभी मानकों बढ़ाने के लिए पहले बैच का प्रशिक्षण जोरों पर है ।अब ग्रेनेडियर रेजिमेन्टल सेन्टर अग्निवीरों के दूसरे बैच को 01 मार्च 2023 से प्रशिक्षण शुरू करने के लिए तैयार है। मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल एम के दास, पी वी एस एम वी एस एम ने भी अग्निवीरों के प्रथम बैच के साथ बातचीत की और उन्हे प्रशिक्षण प्रदान करने तथा शुरूआती व्यवस्था के साथ सैन्य जीवन सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अग्निवीरों के दूसरे बैच को सभी प्रयासों और आवश्यक सहयता के साथ प्रथम बैच की तुलना में और भी अधिक उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद है।

# जीवन में सदैव देने का भाव रखने से मिलता है सच्चा सुख-सोनी



**पनागर, यशभारत।** ज्वाइंट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर के अध्यक्ष इंजी.चंद्र किशोर मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय मिलना सभी का अधिकार है,जिससे हर व्यक्ति चाहे बच्चे हो या बड़े समाज में निर्भीक,स्वतंत्रता पूर्वक रह सकते है,ग्रुप के संचालक आर.पी. सोनी ने ग्रुप द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्यों एवं उद्देश्य के बारे में चर्चा की।जिला समन्वयक दीप्ति ठाकुर ने राज्य आनंद संस्थान की विभिन्न गतिविधियों का परिचय देकर बताया कि चाइल्ड केयर 1098 या आनंदम टीम से संपर्क कर आप किसी भी समस्या को शेयर कर सकते हैं और उसका समाधान 24 घंटे के अंदर निकालने का प्रयास किया जाएगा।सभी बच्चे अपना खानपान,दैनिक दिनचर्या का ख्याल रखें सुबह जल्दी उठकर सूर्य नमस्कार करें और परीक्षा का समय है तो फल का सेवन करें इस अवसर पर दर्पण रोटी आनंद क्लब के अंकित कुबेर,पूजा जैन,अंकित जैन,यश जैन,श्रीमती सोनी,हेमंत खंपरिया जी का सहयोग रहा।जिला गाइड ट्रेनिंग कमिश्नर व आनंदम सहयोगी प्रतिभा दुबे ने जरा सुन तुझे धरती पुकारे,ओ सूरज मां के दुलारे गाना गाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।बच्चों ने गीत-कविता गए एवं स्काउट की तालियों एवं रक्षा सूत्रों को जाना। इस अवसर पर सभी बच्चों को स्वल्पाहार एवं 35 जोड़ी जूतों का वितरण किया गया,जिसका उद्देश्य था कि बच्चों में खेल के द्वारा शारीरिक विकास करना। कार्यक्रम का संचालन अंकित कुबेर एवं आभार प्रदर्शन बसंत डोंगरे द्वारा किया गया।

### उमरिया में सप्त दिवसीय महारुद्र यज्ञ संपन्न



**जबलपुर यशभारत।** कुंडम रोड उमरिया स्थित सत्य निष्पक्ष वैदिक आश्रम में गत दिवस सप्त दिवसीय विश्व विश्व शांति महारुद्र यज्ञ आयोजित किया गया । अनंत योगेश्वर दादा ठन ठन पाल के विशेष कृपा पात्र ब्रह्मलीन संत दादा आनंदानंद उत्तराखंड के द्वारा प्रारंभ किए गए इस यज्ञ में जबलपुर सहित अन्य जिलों के भी भक्तगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शोभा यात्रा, यज्ञ पूजन ,भंडारे सहित भजन संध्या का आयोजन किया गया। सप्त दिवसीय रुद्र महायज्ञ में यज्ञ आचार्य वेद प्रकाश शास्त्री ,भंडारी जी, जय देव राज सागरी,प्रकाश श्रीवास्तव, पारसनाथ मिश्रा ,संतोष सिंह ठाकुर जय प्रकाश,एवं विशेष रूप से पधारे श्रद्धानंद महाराजगंज मझगवां एवं बरगी आश्रम से हाथी वाले दादा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### रूपेश शर्मा जेसीएम-4में मनोनीत



**जबलपुर यशभारत**।गत दिवस जीसीएफ में ज्वाइंट कन्सल्टेटिव मशीनरी(जेसीएम)-4 का गठन किया गया।जिसमें बीपीएमएस की ओर से रूपेश शर्मा का मनोनयन किया गया।इसके अतिरिक्त बीपीएमएस के संदीप और एआईडीईएफ की ओर से राजेश कुमार ,प्रतिफल सिंह और आईएनडीडब्लूएफ से सिद्धार्थ ठाकुर और धर्मेन्द्र सिंह आदि को भी मनोनीत किया गया।श्रमिक संघ(मिले हाथ)के अध्यक्ष लक्ष्य पटेल महासचिव राकेश रजक राजेन्द्र वर्मा मनोज धर्मजन संदीप कटरे आदि ने रूपेश शर्मा और संदीप को बधाई देते हुए आशा जताई है कि कर्मचारियों के हितों के लिए सार्थक पहल होगी।

# पर्यटन क्विज के विजेता छात्रों ने जैवविविधता से किया प्रकृति का आलिंगन



**पनागर, यशभारत।** म0प्र0 टूरिज्म बोर्ड द्वारा कलेक्टर सौरभ सुमन के मार्गदर्शन में शालेय स्तर पर आयोजित छात्र-छात्राओं की क्विज़ प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को 3 दिन एवं उपविजेता को 2 दिन का भ्रमण कराया गया,जिसमें विजेता छात्रों ने परसीली रिसॉर्ट सीधी जिले में रुक कर संजय नेशनल पार्क का भ्रमण किया।बनास नदी में 4 किलोमीटर की बैरन फुटवॉक कराई गई।सफारी में जंगल की विभिन्न जैव विविधता को करीब से देखा और जाना कि सभी जीवन चक्र के माध्यम से पशु पक्षी समेत सभी एक दूसरे पर निर्भर करते हैं।हिरण,सांभर, जंगली बिल्ली,मुर्गा हाथी, मोर,नीलगाय ,टाइगर बर्ड, नीलकंठ पक्षी को कैमरे में कैद किया।सीधी अपर कलेक्टर श्रेयस गोखले के मार्गदर्शन में बनास व सोन नदी के संगम पर स्थित चंद्रेह शिव मंदिर सीधी जो कि चेदी वंश द्वारा 972 में बनाया गया था की खूबसूरती को करीब से देखने का अवसर मिला एवं मठ के लगभग 800 वर्ष पूर्व अंकित शिलालेख के माध्यम से इतिहास की विशेषता जानी, कार्यक्रम समन्वयक दीप्ति ठाकुर एवं शिक्षिका रेनू मिश्रा ने छात्रों को अल्पविराम कराया जिसमें गतिविधि के माध्यम से अंतरात्मा की आवाज सुन आत्मविश्वास बढ़ाने के तरीके बताएं ताकि जीवन में किसी भी परिस्थिति से बाहर निकल कर कामयाब इंसान बना जा सके। परसिली रिसॉर्ट में लोक कलाकारों के माध्यम से लोकनृत्य हुआ जिसका सभी छात्रों ने खूब आनंद लिया। मुकुंदपुर रीवा के ज़ू में सफेद टाइगर,बाघ,चीता बारहसिंघा आदि को देखकर बच्चे खूब रोमांचित हुए।सभी बच्चों ने कलेक्टर सौरभ सुमन, म0प्र0पर्यटन के क्षेत्रीय प्रबंधक के0एल0 पटेल,योगेंद्र रिछारिया मार्केटिंग एक्सक्यूटिव,शैलेन्द्र महावीर,हेमंत सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पुरातत्व,पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को सफल टूर हेतु हृदय से धन्यवाद दिया।धौहनी विधायक कुंवर सिंह तेकाम ने जबलपुर से आए छात्र छात्राओं को बधाई दी।

# सन्त गाडगे महाराज की जयंती 26 को आयोजित की जाएगी

**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय रजक समाज संत श्री गाडगे महाराज की जयंती समारोह पूर्वक आयोजित करेगा। इसकी तैयारी को लेकर समाज के नागरिक लगातार बैठक कर रहे हैं साथ ही तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो चुकी है जयंती के अवसर पर गाडगे महाराज की 147वीं जयंती 26 फरवरी को मनाने व निर्णय लिया गया। विगत दिवस बैठक में सभी की सहमति से गोटेगांव के श्रीधाम मैरिज हाल में सामाजिक बंधुओं के बीच समाज की जयंती धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया। जयंती के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री, विधायक नरसिंहपुर, नर्मदा प्रसाद प्रजापति पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वाटेगांव, मणिनागेन्द्र सिंह (मोनू) पटेल युवा नेता, अध्यक्षता श्रीमति पूनम जितेन्द्र ठाकुर अध्यक्ष नगरपालिका, श्रीमति श्रद्धा पंकज चौकसे उपाध्यक्ष नगरपालिका, श्रीमति आरती सतीश पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमति जानकी दादुराम पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, मुकेश बिलवार वरिष्ट समाजसेवी राजकुमार जैन पूर्व अध्यक्ष, न.पा. ,पं. जितेन्द्र चौबे पूर्व उपाध्यक्ष, न. पा., सहित नगर के सभी पार्षदों की उपस्थिति में आयोजित होगी। ए.वी. डी. एम. रजक समाज, ए.वी.डी.एम. युवा संघ ,ए.वी.डी.एम. तह. युवा संघ,ए.वी.डी.एम. तह. रजक समाज गोटेगांव ने समाज के सभी नागरिक बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की।

# गौरव ने बढ़ा दओ पुलिस को मान जिला में थामी जब से पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने कमान

### देशभक्ति जनसेवा हुई सरोकार जिले में मानवता अभी भी बची है भाई साहब



गोटेगांव, यशभारत। नरसिंहपुर में अनियंत्रित होकर एक प्राइवेट यात्री बस डिवाइडर पर चढ़कर दुर्घटना ग्रस्त हो गई खचाखच भरी बस पलटने से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई हैं. जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. जब यह सूचना पुलिस को मिली तो नरसिंहपुर थाना प्रभारी और उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची. इसके बाद पुलिस ने घायलों को गोद में उठाकर गाड़ी में डालकर तत्काल सिविल अस्पताल में भर्ती कराया. 8 लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें नरसिंहपुर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है.नरसिंहपुर में एक बार फिर नरसिंहपुर थाना प्रभारी गौरव चाटे और पुलिस वालों का मानवीय चेहरा सामने आया है. इस पूरे घटनाक्रम के दौरान थाना प्रभारी की वर्दी पर खून लग गया, लेकिन उन्होंने इस बात की जरा भी परवाह ना करते हुए मानवता की मिसाल पेश की और घायलों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाया. वहीं, पुलिस द्वारा भर्ती कराए गए 8 लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्?हें नरसिंहपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है.इधर मौके पर मौजूद हर कोई नरसिंहपुर थाना प्रभारी की मानवता की मिसाल की चर्चा कर रहे है. शहर के लोगों ने कहा कि गौरव चाटे जैसे वर्दीवाले हर शहर में होने चाहिए, जो हर मुश्किल में आम जन की मदद को हमेशा तैयार रहते हैं।



# स्वच्छता के जनक गाडगे को याद किया

**पनागर, यशभारत।** आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर महानगर द्वारा स्वच्छता के जनक संत श्री गाडगे जी महाराज की 147वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री शरद जैन ,नगर अध्यक्ष संजय सिंह यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा ,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अवधेश यादव ,प्रदेश सह सयोंजक चंद्र शेखर पटेल ,दीनदयाल मंडल के मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ,नगर उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल ,अक्षय सेन ,पिंटू रूपेश पटेल ,जय यादव नगर मीडिया प्रभारी राहुल यादव ,नगर कोषाध्यक्ष पंकज सोनी नितिन जायसवाल ,विनय,एवं रजक दिनेश रजक,एवम रजक समाज की उपस्थिति रही कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों का सम्मान एवं विक्टोरिया अस्पताल में फल वितरण किया गया।

# नगर को स्वच्छ बनाने आमजनों ने ली शपथ

### पनागर के 5 वार्डों में निकली विकास यात्रा, मिला आमजन का साथ



**पनागर, यशभारत।** केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में विकास यात्रा निकाली जा रही हैं इसी तारतम्य पनागर विधायक सुशील इंदु तिवारी के नेतृत्व में विकास यात्रा गुरुनानक वार्ड में कन्या पूजन और बुजुर्गों के सम्मान के साथ शुरू हुई जो विवेकानंद वार्ड होते हुए शिवाजी वार्ड, विद्यासागर वार्ड के बाद जयप्रकाश वार्ड पंहुचीं, नगर में निकाली जा रही विकास यात्रा का आमजनों द्वारा जगह जगह स्वागत सत्कार किया गया, विकास यात्रा के दौरान पनागर विधायक ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ लेने की बात की, साथ ही कहा कि नगर के ऐसे परिवार जिन्होंने अब तक योजनाओं का लाभ नही ले पाए हैं उन्हें जल्द ही शासन की योजनाओं का लाभ पंहुचाया जाएगा, विकास यात्रा के दौरान प्रत्येक वार्ड में कन्या पूजन, बुजुर्गों के सम्मान के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे संबल, पेंशन, भवन संनिर्माण, आयुष्मान कार्ड, पीएम स्वनिधि, जाति प्रमाण पत्र एवं लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाभान्वित लोगों को राशि एवं कार्ड का वितरण किया गया। जय प्रकाश वार्ड स्थित छोटी खेरमाई मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन के बाद भंडारा में प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुई। विकास यात्रा के दौरान लोगों को नगर को साफ सुंदर बनाने एवं स्वच्छता रखने में आमजनों से सहयोग करने की अपील की, इस दौरान रैली आयोजित हुई जो टेक के पास जयप्रकाश वार्ड मुख्य मार्ग होते हुए पड़ाव चौराहे पर समाप्त हुई, जहां उपस्थित लोगों के साथ सभी ने स्वच्छता की शपथ ली,इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रीना, आनंद जैन मिन्चू, श्रीमती कांति सैनी, गोवर्धन खेटपाल,सर्वेश मिश्रा,महामंत्री शैलेंद्र साहू,महामंत्री अनिल वंशकार ,तहसीलदार प्रशांत अग्रवाल, सीएमओ आशीष शर्मा,रामनिवास गौतम ,संतोष सैनी, रेखा ताम्रकार,प्रेमलता पटेल, पूनम कुशवाहा, पार्षद दीपांशु नामदेव, मुकेश वंशकार,इंजीनियर नम्रता बरारे,चंद्रा बेन,शुभम जैन,विलायत खान,शैलेंद्र सिंह वरिष्ठजन,महिला मोर्चा, मंडल प्राधिकारी,बूथ अध्यक्ष, सहित समस्त कार्यकर्ता, अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पनागर में 26 फरवरी को राज्य स्तरीय विशाल ईनामी दंगल

**पनागर, यशभारत।** जनकल्याण खेल समिति एवं बुद्ध गौड़ अखाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी को राज्य स्तरीय विशाल ईनामी दंगल (कुस्ती) का आयोजन पनागर में सरस्वती स्कूल के पीछे दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जा रहा है। दंगल में इंदौर, भोपाल, नरसिंहपुर छिंदवाड़ा, रीवा सतना, ग्वालियर मण्डला डिण्डोरी, कटनी इत्यादि जिलों से एवं संपूर्ण मध्यप्रदेश के खिलाड़ी शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन घनघोरिया विधायक, सुशील तिवारी इंदू भैया विधायक पनागर कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मति सैनी प्रदेश महामंत्री कांग्रेस कमेटी रहेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनोद श्रीवास्तव, राजू चौबे, आरडी जहां ज्वाइंट डायरेक्टर प्रदीप पटेल नगर पालिका अध्यक्ष, विमल जैन ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, विवेक पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक मनोज पहलवान पूर्व पार्षद दंगल कमेटी के सदस्य रमेश पहलवान, हरि पहलवान, बल्लू पहलवान, मनीष पहलवान नरेन्द्र सेन शिक्षक, संतोष पहलवान, कुंदन पहलवान, अंकित पटेल, संदीप पहलवान, आदि लोगों से उपस्थिती की अपील की है।

# एयरटेल नेअपने स्टोर्स पर 5जी की शक्ति का अनुभव लेने के लिएग्राहकों को आमंत्रित किया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (卐एयरटेल卐) ने देश में अपने सभी रिटेल स्टोर्स में 5जी एक्सपीरिएंस जोन बनाए हैं। इन विशेष रूप से तैयार किए गए जोन्स के माध्यम से, एयरटेल उपभोक्ताओं के लिए 5जी की शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें इसकी धमाकेदार डेटा स्पीड और इमर्सिव वर्चुअल रियलिटी एंटरटेनमेंट, क्लाउड गेमिंग और अधिक जैसे उभरते उपयोग के मामले शामिल हैं। एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में, एयरटेल ने ग्राहकों के लिए नई तकनीक को सरल बनाने और उन्हें 5जी के वास्तविक अंतर का अनुभव कराने का बीड़ा उठाया है। इन सभी 1000+ स्टोर्स में विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिकारी होंगे जो न केवल उपयोग के मामलों का प्रदर्शन करेंगे बल्कि एयरटेल की अपनी पेशकश के साथ 5जी से संबंधित सभी सवालों के जवाब भी देंगे। एयरटेल देश में 5जी सेवा शुरू करने वाली पहली कंपनी है और आज इसकी सेवाएं 20 राज्यों में उपलब्ध हैं। कंपनी चरणबद्ध तरीके से अपनी सेवाएं शुरू कर रही है और देश में अपने नेटवर्क का निर्माण जारी रखे हुए है। मौजूदा डेटा प्लान 5जी पर काम करता है, इसके चलते 5जी इनेबल्ड डिवाइसेज वाले ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उच्च गति वाले एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क का आनंद ले सकेंगे, जब तक कि रोल आउट अधिक व्यापक नहीं हो जाता। एयरटेल ने अपने नेटवर्क पर तेज गति और सर्वश्रेष्ठ आवाज अनुभव प्रदान करने का वादा किया है, सेवाएंसभी 5जी स्मार्ट फोन पर काम करेंगी और पर्यावरण के अनुकूल होंगी।



### समाजसेवी रामेश्वर पचौरी नहीं रहे

**गोटेगांव।** नगर के समीपवर्ती जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगलाई के स्थाई निवासी प्रगतिशील कृषक वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वर पचौरी का विगत दिवस प्रातः 7:00 बजे 95 वर्ष की दीर्घ आयु में देव लोक गमन गया जिनका अंतिम संस्कार 11:00 बजे झांसी घाट में संपन्न किया गया ।अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोगों से ने शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमात्मा से दिव्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देंने एवं शोकाकुल परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे ऐसी प्रार्थना की है।






# सीपीआर प्रशिक्षण : सीपीआर कोई दवा या इंजेक्शन नहीं , यह एक प्रक्रिया है

**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना की पहल पर आज शनिवार को समस्त पुलिस इकाइयों में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन, उमेश जोगा,उप पुलिस महानिरीक्षक आर.आर. सिंह परिहार, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा की उपस्थित में सीपीआर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जानकारी अनसुार आज पुलिस लाइन में जबलपुर रक्षित निरीक्षक कार्यालय में प्रात: 11 बजे से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डॉक्टरों की टीम के द्वारा सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर चिकित्सकों विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि सीपीआर या कृत्रिम श्वसन को सीधे शब्दों में कहें तो कई बार व्यक्ति की अचानक सांस रुक जाती है या फिर कार्डिएक अरेस्ट की स्थिति में सांस नहीं आती है तो इस अवस्था में सीपीआर दिया जाता है। जिसकी वजह से लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक तरह से सीपीआर में बेहोश व्यक्ति को सांसें दी जाती हैं, जिससे फेफड़ों को ऑक्सीजन मिलती है। साथ ही इससे शरीर में पहले से मौजूद ऑक्सीजन वाला खून संचारित होता रहता है।

### ऐसे दी जाती है सीपीआर

इस दौरान बताया गया कि सीपीआर कोई दवा या इंजेक्शन नहीं है। यह एक तरह की प्रक्रिया है, जिसे मरीज के शरीर पर इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति की सांस रुक जाने पर सांस वापस लाने तक या दिल की धड़कन सामान्य हो जाने तक छाती को दबाया जाता है, जिससे शरीर में पहले से मौजूद खून संचारित होने लगता है। साथ ही इस प्रक्रिया में मरीज के मुंह में मुंह से सांस भी दी जाती है। इस दौरान एएसपी संजय अग्रवाल, समर वर्मा, प्रदीप शेंडे सहित सभी सीएसपी, थाना प्रभारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लार्डगंज में ऑनलाइन ठगी

# बिना ओटीपी बताए ही बैंक खाते से उड़ा लिए 23 हजार रुपये

**जबलपुर, यशभारत। थाना लार्डगंज अंतर्गत ऑनलाइन ठगी का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें यूपीआई के माध्यम से युवक के बैंक खाते से करीब 23 हजार रुपये की रकम पार कर दी गई। जब युवक के माबोइल में मैसेज आया तो वह दंग रह गया और सीधे बैंक में शिकायत करी। जहां पता चला कि तीन बार में ऑनलाइन पेमेंट की गई है। लेकिन यह पेमेंट उसकी जानकारी के बिना कैसे हो गयी। क्योंकि अभी तक कि जांच में यह सामने नहीं आया कि युवक ने किसी प्रकार का ओटीपी बताया हो। फिलहाल यह रहस्य बना हुआ है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।**




जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि आलोक दिवाकर 42 वर्ष निवासी पान दरीवा कमानिया गेट कोतवाली ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए थाने में बताया कि 17 फरवरी 2023 को उसे मोबाइल पर एस एम एस से जानकारी प्राप्त हुयी कि उसके खाते से लगभग 23 हजार 480 रूपये उसकी जानकारी के बिना ही निकाल लिये गए हैं। वह बैंक गया तो पता चला कि उसके खाते से तीन बार में यूपीआई के माध्यम से उक्त राशि निकाली गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हनुमानताल में सूदखोर से प्रताड़ित युवक ने खाया जहर

### 50 हजार के एवज में 9 लाख देने के बाद भी मांग रहा था रुपये

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के नालबंद मोहल्ले में सूदखोरी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसके चंगुल में फंसा पतंग व्यापारी ने सूदखोर से परेशान होकर जहर खा लिया। यहां, 50 हजार रुपए के बदले 9 लाख रुपए देने के बाद भी सूदखोर राजा नौशाद को परेशान कर रहा था।



सूदखोर से परेशान होकर युवक ने जहर खा लिया, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। ठक्कर ग्राम निवासी राजा नौशाद ने पतंग व्यापार के लिए दो साल पहले सूदखोर छोटे से ब्याज में 50 हजार रुपए लिए थे। उस 50 हजार के एवज में धीरे-धीरे कर 9 लाख रुपए चुका दिए इसके बाद भी सूदखोर का कर्ज कम नही हुआ। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सूदखोर को रुपए देने के चक्कर में उसने कई अन्य लोगों से भी रुपए लिए थे। धीरे-धीरे जिनसे रुपए लिए थे उनके फोन भी आने लगे कि तुम्हारे घर जाकर अब हम रुपए लेंगे। पीड़ित के पिता बीमार रहते है और अगर उन तक बात पहुंच जाएगी तो वो परेशान हो जाएंगे। इसलिए जहर खा लिया। जिसके बाद परिवार वालों ने जिला अस्पताल में युवक को भर्ती करवाया है। वही हनुमानताल थाना पुलिस ने बयान दर्ज कर नालबंद मोहल्ला निवासी छोटे के खिलाफमामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# ढोल बजाने वालों की बाइकों में लगा दी आग

### सामुदायिक भवन के सामने धूं-धूं कर जलीं बाइक



**जबलपुर, यशभारत।** थाना चरगवां थाना अंतर्गत डोगरझासी के खिरका सामुदायिक भवन के सामने बारात में ढोल बजाने गए तीन युवकों की खड़ी बाइकों में आग लगाने का मामला सामने आया है। किन्हीं आरोपियों ने तीनों बाइकों में पहले पेट्रोल डाला और उसके बाद आग के हवाले कर दिया। जिससे तीनों बाइक धूंधूं कर जलने लगी। पुलिस ने पीड़ितों की शिकातय पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि बेनीप्रसाद बेन 54 वर्ष निवासी ग्राम नोनी शहपुरा वर्तमान में अंधमुख वाईपास ने बताया कि धनवंतरी नगर वाईपास कालोनी दुर्गानगर जबलपुर के दशरथ सिंह ठाकुर के बेटे प्रदीप पटैल की बरात ग्राम डोंगरझासी आई थी जिसमे वह एवं उसका बेटा आकाश बेन , राजा बेन, राहुल बेन निवासी चुंगीनाका , दुर्गेश बेन निवासी उड़ना मेड़ी पाटन, गोविन्द बेन निवासी नोनी, चतुर बेन निवासी नोनी , अर्जुन बेन निवासी काटी, रवि बेन निवासी नटवारा बाइक से बारात में बाजा बजाने आये थे । वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 20 एम टी 5696 एच एफडीलक्स एवं दुर्गेश बेन अपने पिता बराती बेन की बाइक डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एन बी 7215 तथा राहुल बेन अपनी पत्नी की एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 जेबी 4621 लेकर आये थे तीनों गाड़ियां ग्राम डोगरझासी के खिरका सामुदायिक भवन के सामने इमली के पेड़ के नीचे खड़ी कर दी थी और सभी लोग ढोल बजाते हुये बरात को लेकर डोगरझासी के धनराज ठाकुर जिनकी बेटी की शादी थी उनके घर बरात लेकर गये । पीड़ित ने बताया कि रात लगभग 2 बजे बरात लग चुकी थी खाने में देरी हो रही थी इस कारण हम लोग अपने बाजे ढोल लेकर अपनी मोटर सायकल के पास पहुंचे देखा कि मोटर सायकलों में आग लगी हुयी थी । वहीं पर रहने वाला परमसुश ठाकुर मोटर सायकल में लगी आग बुझा रहा था, आग से उसकी मोटर सायकल पूरी तरह जल चुकी थी ।

# रायपुर राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए महापौर जगत बहादुर अन्नू



जबलपुर, यशभारत। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू शामिल हुए। महापौर ने इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर संगठन संबंधी चर्चा की। साथ ही विधानसभा चुनाव तैयारियों को लेकर भी अपने विचार साझा किए।









# 2 दिन तक कमरे में बंद कर पत्नी को करता रहा प्रताड़ित

### दहेज का सामान बेंचने से मना करने पर बन गया हैवान, जांच जारी



**जबलपुर, यशभारत।** पाटन थाना अंतर्गत दहेज का सामान बेचने से पत्नी ने मना किया तो पति ने अपनी नवविवाहिता का मुंह बांधकर मथनी से पीटा और 2 दिन तक कमरे में बंद कर मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करता रहा, जिससे प्रताड़ित नवविवाहिता ने अपने पति के खिलाफ हनुमानताल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मक्कानगर हनुमानताल निवासी 23 वर्षीय श्रीमति रेश्मा बानो की शादी गत 4 फरवरी 23 को मक्कानगर हनुमानताल निवासी मोहम्मद शोयब खान के साथ हुई थी। लगभग 15 दिन से वह अपने पति के साथ मक्कानगर में रह रही थी और उसके सास, ससुर गढ़ा फाटक शंकर घी भण्डार के सामने रहते हैं। शादी के कुछ दिन अच्छे से रखने के बाद पति उसे डांटने लगा और शादी में मिलें दहेज का सामान बेचने लगा। जब उसके पति को घर का सामान बेचने से मना किया तो पति ने उसका मुंह बांधकर, मथनी से मारपीट की और 2 दिन तक घर के कमरे में बंद कर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगा। आसपास के लोगों ने उसके मायके पाटन में फोन लगाकर जानकारी दी। जिसके बाद पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# 4 आरोपियों ने दबोचकर युवक को घोंपे चाकू

### आपसी रंजिश का लिया बदला



**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल थाना अंतर्गत कसाई मंडी में देर रात चार आरोपियों ने एक घर जा रहे युवक को दबोचकर, पहले तो जमकर मारपीट कर दी और फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नियाज पिता शरीफ 31 साल ने बताया कि वह हनुमातनाल का निवासी है। देर रात कसाई मंडी में बसीम सहित अमन, नफीस और नदीम में कसाई मंडी के पास रास्ता रोककर जमकर मारपीट कर दी और चाकू से वार पर वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )